डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/1040/2026 दिनांक : 20/03/2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
विश्वविद्यालय परिक्षेत्र।

विषयः उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 के अंतर्गत आयोजित परीक्षा के दृष्टिगत चयनित परीक्षा केन्द्रों पर शैक्षणिक अवकाश घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, लखनऊ के पत्र संख्या 270/सत्तर–1–2026 दिनांक 19.02.2026 (प्रेषकः श्री गिरिजेश कुमार त्यागी, विशेष सचिव) के क्रम में, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 08.06.2026 (सोमवार), 09.06.2026 (मंगलवार) तथा 10.06.2026 (बुधवार) को आयोजित की जानी प्रस्तावित है।

उक्त परीक्षा के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु जिन महाविद्यालयों/संस्थानों को परीक्षा केन्द्र के रूप में नामित किया गया है, उनमें उक्त तिथियों पर शैक्षणिक अवकाश घोषित किया जाना एवं परीक्षा आयोजन से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि यदि आपका महाविद्यालय उक्त परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र के रूप में चयनित है, तो–

1. उपरोक्त तिथियों में महाविद्यालय में शैक्षणिक कार्य पूर्णतः स्थगित रखा जाए।
2. परीक्षा आयोजन हेतु कक्ष, फर्नीचर, विद्युत, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
3. प्रशासन/जिला प्रशासन एवं परीक्षा प्राधिकरण के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया जाए।
4. आवश्यकतानुसार महाविद्यालय स्टाफ की ड्यूटी में सहयोग सुनिश्चित किया जाए।

कृपया उपर्युक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रभारी–कुलपति सचिवालय मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett